तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 2 जून 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


4

पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर निकाली गई साइकिल रैली




हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
02 जून 2026
कूपन नं. 3


# बैरा घाट में हादसों को रोकने के लिए पुलिस ने लगवाया कॉन्वेक्स मिरर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सड़क हादसों को रोकने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। बैराघाट में अंधे मोड़ पर लगातार बढ़ते दुर्घटना ने पुलिस का टेंशन बढ़ा दिया था। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के पहल पर इन हादसों को रोकने के लिए बैराघाट में दो स्थानों पर कॉन्वेक्स मिरर लगाया गया है ताकि घाट में होने वाले हादसों को रोका जा सके।

पसान थाना क्षेत्र के बैराघाट में अंधे मोड़ होने की वजह से लगातार दुर्घटनाएं हो रही थी। इन हादसों को कैसे रोका जा सके इस दिशा पर पुलिस अधीक्षक ने यातायात पुलिस को निर्देशित किया था जिसके बाद घाट ने अंधे मोड़ होने की वजह से लोग हादसे का शिकार हो रहे थे। इन हादसों को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने सड़क सुरक्षा की दिशा में एक बहुत ही सराहनीय और महत्वपूर्ण कदम है। यातायात सउनि मनोज राठौर व उनकी टीम पसान के बैरा घाट पहुंचे थे जहां टीम ने कॉन्वेक्स मिरर को लगा दिया है। मिरर के लगने से पहाड़ी रास्तों या अंधे मोड़ों पर अक्सर सामने से आ रहे वाहन दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बहुत ज्यादा बढ़ जाता है। स्पेशल कॉन्वेक्स मिरर लगाने से चालकों को मोड़ के दूसरी तरफ से आ रहे वाहनों की लोकेशन पहले ही पता चल जाएगी। जब चालकों को सामने की स्थिति साफ दिखेगी, तो वे समय रहते गाड़ी की रफ्तार धीमी कर सकेंगे। बहरा मोड़ जैसे संवेदनशील इलाकों में इससे ट्रैफिक बिना किसी डर या रुकावट के सुचारू रूप से चल सकेगा। अंधे मोड़ों पर हादसों को रोकने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर में ऐसे छोटे लेकिन स्मार्ट बदलाव बेहद कारगर साबित होते हैं। स्थानीय निवासियों और वहां से गुजरने वाले राहगीरों के लिए यह एक बड़ी राहत होगी क्योंकि अब बैराघाट में इस तरह के हादसे नहीं होंगे।

### अंधे मोड़ पर हादसे रोकने चल रहा अभियान

**खास बातें**

- पसान थाना के बैराघाटी में लगाए जा रहे हैं मिरर
- सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उठा था मुद्दा



## खबर संक्षेप

### डोंगानाला में जनसमस्या निवारण शिविर आज

**कोरबा।** सुशासन तिहार 2026 के तहत ग्रामीणों के समस्याओं, मांग एवं शिकायतों के निराकरण और उन्हें शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने व लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से 2 जून को प्रातः 10 बजे से विकासखंड पाली के कलस्टर ग्राम डोंगानाला में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित की जायेगी। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने विभागीय अधिकारियों को शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। साथ ही ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

### पोंड़ीउपरोड़ा में प्रवेश हेतु आवेदन 15 तक

**कोरबा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पाली में व्यवसाय-कोपा, आईओटी टेक्नीशियन (स्मार्ट एग्रीकल्चर) एवं आईओटी टेक्नीशियन (स्मार्ट हेल्थकेयर) में रिक्त स्थानों के लिये प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 15 जून 2026 रात्रि 11.59 बजे तक आमंत्रित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में संविदा भर्ती निरस्त

**कोरबा।** कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष, स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल संचालन समिति, जिला कोरबा द्वारा जारी विज्ञापन के माध्यम से जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक रिक्त पदों की संविदा आधार पर भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर द्वारा 30 मई को जारी निर्देश के अनुसार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में प्रचलित संविदा भर्ती प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। उक्त निर्देशों के परिपालन में जिले के अंतर्गत संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक रिक्त पदों पर संविदा भर्ती प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया है। इस संबंध में जारी पूर्व विज्ञापन अब प्रभावी नहीं रहेगा।

### किसानों को 2101.85 मीट्रिक टन उर्वरक का हुआ वितरण

**कोरबा।** जिले में खरीफ वर्ष 2026 की तैयारियों के तहत किसानों को समय पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग द्वारा अप्रैल एवं मई माह में व्यापक स्तर पर उर्वरक वितरण किया गया। जिला कोरबा में 1 अप्रैल से 31 मई तक कुल 2101.85 मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किसानों को किया गया है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त अवधि में सर्वाधिक 1165.85 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया। इसके अलावा 310.85 मीट्रिक टन डीएपी, 67.75 मीट्रिक टन एमओपी, 437.70 मीट्रिक टन एसएसपी तथा 119.70 मीट्रिक टन एनपीके उर्वरक किसानों को उपलब्ध कराया गया। अप्रैल माह में कुल 191.51 मीट्रिक टन उर्वरक वितरित किया गया, जबकि मई माह में वितरण बढ़कर 1910.34 मीट्रिक टन तक पहुंच गया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए जिले में उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण एवं सतत वितरण किया जा रहा है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### कई सड़कों का प्रारंभिक चरण भी नहीं हो सका है शुरू

# डामर के बढ़े दाम ने सड़कों के निर्माण कार्य पर लगाया ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीजल और डामर के बढ़ते दाम की वजह से ग्रामीण अंचल में लोक निर्माण विभाग और पीएमजीएसवाय की बन रही सड़कों के डामरीकरण पर ब्रेक लग गया है। दोनों विभागों को मिलाकर 61 सड़कों के काम बंद पड़े हैं। जिनके शुरू होने को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है।

मध्य एशिया में चल रहे युद्ध का असर जिले की सड़कों पर नजर आने लगा है। डीजल और डामर के दाम बढ़ने के कारण पूर्व में ठेका ले चुके ठेकेदारों को सड़क निर्माण में अब मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। 50 हजार रुपए प्रति टन मिलने वाला डामर अब एक लाख रुपए टन पहुंच चुका है। डीजल के दाम भी अब 100 रुपए से अधिक हो चुके हैं। परिणाम स्वरूप सड़क निर्माण में लगी कंपनियों ने अपने काम बंद कर दिए हैं। इससे ग्रामीण अंचलों में डीएमएफ की राशि से बनने वाली सड़कें अब सुनसान नजर आ रही हैं। जहां कभी ठेका कंपनियों के वाहन चला करते थे, कर्मचारी काम करते नजर आते थे, अब मशीनें बद पड़ी हैं और कर्मचारी भी नदारत हैं। डामर और डीजल की वजह से लोक निर्माण विभाग की 20 सड़कों का काम पूरी तरह बंद हो चुका है। इस बात को विभाग के अधिकारी भी स्वीकारते हैं। इसी तरह पीएमजीएसवाय के तहत पीजीवीटी के क्षेत्रों एवं अन्य ग्रामीण अंचलों में बिछाए जा रहे सड़कों का जाल सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। इस विभाग के अंतर्गत पुराने टेंडर की 3 सड़कें ऐसी थी जिनका काम शुरू नहीं हुआ था। वह अब भी शुरू नहीं हो सके हैं। इसी तरह नई टेंडर के तहत 41 स्थानों पर सड़कों का निर्माण होना था, जिनका चिन्हांकन भी हो चुका है। टेंडर आमंत्रित हो चुके हैं। किन्तु डामर एवं डीजल के बढ़ते दामों की वजह से इन 41 सड़कों के प्रथम चरण का काम भी शुरू नहीं हो सका है। पीएमजीएसवाय के उप अभियंता एके त्रिपाठी के अनुसार 41 सड़कें ऐसी हैं जो नई टेंडर के साथ बननी थी उनका काम शुरू नहीं हो सका है।

**खास बातें**

- पीडब्ल्यूडी की 20 सड़कें, पीएमजीएसवाय की 41 सड़कें प्रभावित
- डीजल की बढ़ी कीमतों का भी पड़ रहा असर



चिर्रा श्यांग सड़क जहां रुका है डामरीकरण।

### विभाग की 20 सड़कों का काम रुका

डामर के बढ़ते दाम के कारण लोक निर्माण विभाग के लगभग 20 सड़कों का काम रुका हुआ है। डामर उपलब्ध होने पर सड़क का निर्माण शुरू हो सकेगा।

**-जीआर बंजारे,** कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग

### चिर्रा-श्यांग सड़क का काम बंद

कोरबा विकास खंड अंतर्गत चिर्रा श्यांग सड़क का काम लंबे जद्दोजहद के बाद दो माह पहले शुरू किया गया था। इसके लिए खनिज न्यास मद से 9 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। ठेका कंपनी के द्वारा काम लेने के बाद सड़कों में मिट्टी डालने का ही काम किया जा सका है। इस सड़क का भी डामरीकरण शुरू नहीं होने से बारिश के मौसम में अब सड़क के निर्माण पर रोक लगना संभावित बताया जा रहा है। 12 किलोमीटर बनने वाली इस सड़क में 5 पुल पुलियों का भी निर्माण होना है। उक्त पुलियों का निर्माण कार्य भी बंद पड़ा हुआ है।

### वन क्षेत्रों में बन रही हैं सड़कें

पिछड़ी जनजाति संरक्षित क्षेत्रों में पीएम जनमन योजनान्तर्गत सड़कों का निर्माण चल रहा है। कुल 27 क्षेत्रों का चयन हुआ था। जिसमें से 23 स्थानों में पहुंच मार्ग के लिए सड़क बनायी जानी थी। लगभग 12 स्थानों में सड़कों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। 11 स्थानों में सड़कों के पूरा होने को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। डामर और डीजल के बढ़ते दामों ने पीएम जनमन सड़क के निर्माण में असर डाला है।

# खनिज उड़नदस्ता दल ने अलग अलग 18 स्थानों पर मारा छापा, 7 वाहन जब्त



जप्त वाहन और पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश तथा उप संचालक, खनि प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले में गौण खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गठित दो खनिज उड़नदस्ता दलों ने जिले के 18 विभिन्न क्षेत्रों में सघन निरीक्षण कर अवैध खनन गतिविधियों पर बड़ी कार्रवाई की।

जांच के दौरान सीतामढ़ी, बरमपुर, छुराकछार, झोराघाट, कूचापारा, मौहरा, औराभाठा, डुडगा, चाकागुड़ा, कनबेरी, कुदुरमाल, गीतारी, चिचोली, कटबितला, भैंसामुड़ा, भिलाईखुर्द, सुहागपुर और भैसमा क्षेत्रों में अवैध खनिज परिवहन एवं उत्खनन की जांच की गई।

कार्रवाई के दौरान रेत, गिट्टी, मिट्टी और ईंट के अवैध परिवहन में संलिप्त 7 वाहनों को जब्त किया गया। इनमें जमनीपाली, छुरीकला, औराभाटा, पहन्दा तथा अन्य क्षेत्रों में अवैध परिवहन करते पाए गए ट्रैक्टर शामिल हैं। जब्त वाहनों को नियमानुसार कार्रवाई हेतु दर्री थाना, बाल्कोनगर थाना तथा खनिज जांच नाका रामपुर, कटघोरा एवं उरगा में सुरक्षा अभिरक्षा में रखा गया है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा शासकीय राजस्व की हानि को रोकना है। अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमों और अन्य वैधानिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने चेतावनी दी है कि जिले में अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# दीपका उपचुनाव, फर्जी मतदान की कोशिश पर मचा बवाल



मतदान स्थल पर लगी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका दीपका के उपचुनाव के लिए जारी मतदान के दौरान उस समय अफरा-तफरी और हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई जब मतदान केंद्र पर फर्जी वोटिंग को लेकर पक्ष विपक्ष और प्रत्याशियों के समर्थक आपस में भिड़ गए दोपहर लगभग 3:25 बजे हुए इस विवाद के कारण कुछ समय के लिए मतदान प्रक्रिया बाधित रही ।

दोपहर बाद जब मतदान अपनी पूरी गति पर था तभी कुछ मतदाताओं की पहचान को लेकर संदेह उत्पन्न हुआ उपस्थित प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि कुछ बाहरी और अपात्र लोग फर्जी मतदाता बनकर वोट डालने की कोशिश कर रहे हैं देखते ही देखते यह विरोध उग्र हो गया और मतदान केंद्र के बाहर जमकर नारेबाजी और हंगामा शुरू हो गया । मौके पर मौजूद विभिन्न पक्षों ने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के खिलाफ आक्रोश ⏭ शेष पेज 2 पर

### पुलिस की सूझबूझ से थमा विवाद

हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुँचा पुलिस के आला अधिकारियों ने आक्रोशित भीड़ को शांत कराया और निष्पक्ष चुनाव का आश्वासन दिया कड़ी मशक्कत और समझाइश के बाद मामले को शांत कराया गया स्थिति नियंत्रण में आने के बाद मतदान की प्रक्रिया एक बार फिर सुचारू और शांतिपूर्ण ढंग से शुरू की जा सकी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए अतिरिक्त बल तैनात है।

# त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन, 78.98 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का किया उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन-2026 के तहत रिक्त पदों के लिए सोमवार को मतदान शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। मतदान केंद्रों में सुबह से ही मतदाताओं की अच्छी भागीदारी देखने को मिली तथा उन्होंने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का उपयोग किया।

उप निर्वाचन के अंतर्गत जिले में नगरीय क्षेत्र में पार्षद के 1 पद तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सरपंच के 1, पंच के 6 एवं जनपद सदस्य के 3 पदों सहित कुल 11 रिक्त पदों के लिए मतदान कराया गया। नगरीय निकाय क्षेत्र में नगर पालिका परिषद दीपका के वार्ड क्रमांक 15 में पार्षद पद हेतु मतदान सम्पन्न हुआ। वहीं त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के अंतर्गत करतला विकासखण्ड के जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 24, पाली विकासखण्ड के जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 15 तथा पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड के जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 18 के लिए मतदान कराया गया। इसी प्रकार करतला विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सलिहाभांठा में सरपंच पद के लिए मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पंच पदों के लिए कोरबा विकासखण्ड के ग्राम अखरापाली (वार्ड क्रमांक 9) एवं रजगामार (वार्ड क्रमांक 1), करतला विकासखण्ड के ग्राम लबेद (वार्ड क्रमांक 4) एवं बरकोना (वार्ड क्रमांक 3), कटघोरा विकासखण्ड के ग्राम कसईपाली (वार्ड क्रमांक 10) तथा झाबर (वार्ड क्रमांक 01) में मतदान सम्पन्न हुआ। सभी ⏭ शेष पेज 2 पर

**खास बात**

- उप निर्वाचन शांतिपूर्ण व सुचारू रूप से संपन्न



मतदान करने पहुंचा मतदाता।

### दर्री तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर प्रभावितों ने की बसावट मांग की

# बरमपुर में बसे विस्थापित परिवार के बेदखली आदेश पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम क्षेत्र अंतर्गत बरमपुर के आजाद नगर में 46 वर्षों से अधिक समय से जरहाजेल से विस्थापित परिवार जिनकी जमीन एसईसीएल द्वारा अधिग्रहण के बाद बसाया गया था उन्हें सड़क चौड़ीकरण के नाम से पुनः बेदखल करने का आदेश जारी किया गया है जिससे वहां निवासरत विस्थापित परिवार मानसिक रूप से प्रताड़ति और भयभीत है।

किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा के नेतृत्व में बेदखली आदेश से प्रभावित जरहाजेल के विस्थापितों ने दर्री तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए बेदखली से पहले बसावट की व्यवस्था की मांग की है। किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा कि जरहाजेल से विस्थापित परिवार को बरमपुर के आजाद नगर के पास बसाया गया था अब उन्हें सड़क चौड़ीकरण के नाम से पुनः दुबारा 46 वर्षो के बाद बेदखल करने का आदेश से एसईसीएल और जिला प्रशासन का अमानवीय चेहरा सामने आया है जिसका किसान सभा विरोध करती है। किसान सभा ने बेदखली आदेश पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए किसी को भी हटाने से पूर्व उन्हें बसावट की सुविधा एवं बने हुए मकानों का उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। इस संबंध मे जिला प्रशासन को भी पत्र लिखकर आवश्यक पहल करने की मांग की है। जरहाजेल के विस्थापित किसान इंद्रप्रकाश कैवर्त और घासीराम कैवर्त ने बताया कि जरहाजेल गांव का अधिग्रहण एसईसीएल द्वारा किया गया आज भी जरहाजेल के विस्थापित किसान रोजगार और बसावट से वंचित हैं और एक बार 1980 में हमें अपने पूर्वजों के जमीन से देश के विकाश के नाम पर विस्थापित किया गया और 46 साल के बाद बिना बसावट की व्यवस्था किए बगैर सड़क चौड़ीकरण के नाम पर बेदखल करने का प्रयास किया जा रहा है जिसका हम विरोध करते है। किसान सभा ने कहा कि जबरन बेदखल करने की कोशिश की गई तो किसान सभा सड़को पर उतर कर विरोध भी करेगी। ज्ञापन सौंपने में प्रमुख रूप से रेशम लाल यादव, दामोदर श्याम, घासीराम, इंद्रप्रकाश, शिवप्रसाद, अनूप कुमार, राजू कैवर्त, सुशील कुमार, गौतम यादव के साथ बड़ी संख्या में प्रभावित किसान उपस्थित थे।




तहसील के बाहर प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

# दो दिनों में दो मवेशी बने शिकार, वन विभाग कैमरे से कर रहा निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा वन मंडल में पिछले दो दिनों में वन्यप्राणियों ने अलग-अलग क्षेत्रों में एक बैल और एक भैंस को अपना शिकार बनाया है। घटना के बाद वन विभाग सतर्क हो गया है। डीएफओ प्रेमलता यादव के निर्देश पर घटनास्थलों के आसपास थर्मल कैमरे लगाए गए हैं, ताकि हमलावर वन्यप्राणी की पहचान की जा सके। पहली घटना 27 मई को पसरखेत वन परिक्षेत्र के कोलगा परिसर में हुई। ग्राम कर्रानारा बस्ती निवासी आमासो उरांव का मवेशी सुबह चरने जंगल गया था, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटा। जिसके बाद ग्रामीणों ने अपनी मवेशी तलाश करने गए तो मवेशी का शव कटंग नाला के पास मिला। वन अमले ने मौके का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में तेंदुए के हमले की आशंका जताई जा रही है। दूसरी घटना 30 मई को कोरबा वन परिक्षेत्र के कोरकोमा सर्किल में सामने आई। दुहन सिंह राठिया की भैंस चरने गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। खोजबीन के दौरान फिटकपारा के पास एक राइस मिल से कुछ दूरी पर जंगल की खाई में भैंस मृत अवस्था में मिली। उसके शरीर पर भी वन्यजीव के हमले के निशान पाए गए। लगातार दो घटनाओं ने वन विभाग की चिंता बढ़ा दी है। वन विभाग का कहना है कि थर्मल कैमरों में तस्वीरें कैद होने के बाद ही वन्यप्राणी की सही पहचान हो सकेगी। वन ⏭ शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप

### कोरबा से चलने वाली कई गाड़ियों समेत 86 ट्रेनों को किया गया बहाल

**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन ने 7 से 19 जून के बीच रद्द की गई सभी 86 ट्रेनों को फिर से चालू कर दिया है। इनमें 76 एक्सप्रेस ट्रेनें और बिलासपुर मंडल की 10 पैसेंजर ट्रेनें शामिल हैं। ये ट्रेनें पहले चांपा स्टेशन पर चौथी रेल लाइन के काम (नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य) के कारण बंद की गई थीं लेकिन यात्रियों की परेशानी को देखते हुए इस कार्य को आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। इससे पश्चिम-बंगाल, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश समेत कई राज्यों के यात्रियों को राहत मिलेगी। रेलवे के अनुसार अब ये सभी 86 ट्रेनें अपने तय समय पर चलेंगी और पहले की तरह सेवा देंगी। यात्रियों से अपील की गई है कि यात्रा करने से पहले अपनी ट्रेन की सही जानकारी रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट या पूछताछ सेवा से जरूर ले लें। बहाल की गई 10 पैसेंजर ट्रेनों में रायगढ़–बिलासपुर मेमू, रायगढ़ से बिलासपुर, गेवरारोड–रायपुर मेमू गेवरारोड से रायपुर, कोरबा रायपुर पैसेंजर कोरबा से रायपुर, रायपुर कोरबा पैसेंजर रायपुर से कोरबा, बिलासपुर गेवरारोड बिलासपुर मेमू दोनों दिशाओं में, बिलासपुर कोरबा बिलासपुर मेमू दोनों दिशाओं में, रायगढ़ बिलासपुर रायगढ़ मेमू दोनों दिशाओं में, बिलासपुर गेवरारोड पैसेंजर बिलासपुर से गेवरारोड शामिल हैं।

### हसदेव आरती संपन्न, हसदेव संरक्षण के संकल्प के साथ जुटे श्रद्धालु



**कोरबा।** ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा रविवार की शाम मां सर्वमंगला मंदिर घाट में हसदेव आरती का आयोजन किया गया। हसदेव नदी के संरक्षण, स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और पर्यावरण जागरूकता को समर्पित इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों एवं पर्यावरण प्रेमियों ने सहभागिता कर हसदेव नदी के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां हसदेव और मां सर्वमंगला के पूजन-अर्चन से हुआ। इसके पश्चात दीपों की अलौकिक आभा और भक्ति संगीत के बीच सामूहिक हसदेव आरती की गई। आरती के दौरान पूरा घाट भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा। उपस्थित श्रद्धालुओं ने हसदेव नदी को स्वच्छ एवं अविरल बनाए रखने का संकल्प भी दोहराया। समिति के प्रतिनिधियों ने बताया कि हसदेव नदी एवं उसकी सहायक नदियों को स्वच्छ और संरक्षित रखने के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से प्रत्येक पूर्णिमा पर हसदेव आरती का आयोजन किया जाता है, ताकि लोगों में नदी संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़े और समाज प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों को समझ सके।

### शबरी सेवा संस्थान ने दिलाई नशामुक्त भविष्य की शपथ

**कोरबा।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान द्वारा संचालित नशामुक्ति केंद्र (पुनर्वास केंद्र), अमरैयापारा के माध्यम से कोरबा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भवन में जागरूकता अभियान एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी एवं ब्रह्माकुमारी बिंदु दीदी ने की। मंच संचालन ब्रह्माकुमारी मधुबाला एवं पूजा दीदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि तंबाकू केवल इसका सेवन करने वाले व्यक्ति को ही नहीं बल्कि उसके आसपास रहने वाले लोगों तथा पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचाता है। आज का युवा वर्ग तंबाकू, ई-सिगरेट, वैपिंग और फ्लेवर्ड हुक्का को आधुनिकता एवं आकर्षण का प्रतीक समझकर इनके प्रभाव में आ रहा है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### दीपका उप चुनाव...

व्यक्त करते हुए मांग की कि फर्जी तरीके से मतदान करने पहुंचे लोगों को तत्काल चिन्हित कर उन पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए, ऐसे संदिग्ध व्यक्तियों को मतदान केंद्र के परिसर से तुरंत बेदखल किया जाए, मतदान की शुचिता बनाए रखने के लिए पहचान पत्रों की कड़ाई से जांच हो जैसी मांग की गई।

### त्रिस्तरीय पंचायत...

मतदान केंद्रों में निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। निर्वाचन कार्य में नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप मतदान प्रक्रिया का सफल संचालन सुनिश्चित किया। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत जिले में कुल 78.98 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें पुरूष मतदान का प्रतिशत 78.21 एवं महिला मतदान का प्रतिशत 79.77 प्रतिशत रहा।

### दो दिनों में...

विभाग ने दोनों मामलों में त्वरित कार्रवाई की है। मृत मवेशियों का पशु चिकित्सकों से पोस्टमार्टम कराया गया है। प्रभावित पशुपालकों को सहायता राशि देने की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है।

## निगम के वार्ड क्र. 35 व 36 को मिली 2 करोड़ 95 लाख रूपये के विकास कार्यों की सौगात

# जनता जनार्दन को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराना लक्ष्य : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनता जनार्दन को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराना, उनकी समस्त विकास संबंधी समस्याओं का त्वरित रूप से समाधान करना, मेरा प्रथम लक्ष्य है तथा इसी महत्वपूर्ण

**खास बात**

- उद्योग मंत्री एवं महापौर ने किया इन विकास कार्यों का भूमिपूजन

लक्ष्य को सामने रखकर निगम क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कराये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के द्वारा लगातार प्राप्त मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद के परिणाम स्वरूप विगत दो-सवा दो वर्षो के दौरान निगम क्षेत्र में 1000 करोड़ रूपये के विकास कार्य स्वीकृत हो चुके हैं, जिसमें ढेर सारे कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं, कुछ प्रगति पर हैं तथा शेष कार्य निविदा प्रक्रिया में हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्र सरकार द्वारा दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कराई जा रही है, जिनका लाभ देश व प्रदेश के करोड़ों लोगों को प्राप्त हो रहा है। उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कोसाबाड़ी जोनांतर्गत वार्ड क्र. 35 एवं 36 को 2 करोड़ 95 लाख रूपये के लागत वाले 7 नये विकास कार्यो की भूमिपूजन के दौरान कही। इस दौरान महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर एवं पार्षद व अन्य जनप्रतिनिधिगण विशिष्ट रूप से उपस्थित थे। निगम द्वारा 1 करोड़ 94 लाख 70 हजार रूपये की लागत से वार्ड क्र. 36 अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग कालोनी में नाली निर्माण तथा जिला चिकित्सालय मुख्य मार्ग तक नाला का निर्माण जिला खनिज न्यास मद से किया जाना हैं।

इसी प्रकार मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद से 20 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र. 36 साधराम राठौर घर से राठिया समाज भवन तक सी.सी.रोड एवं नाली का निर्माण कार्य, इसी मद से 20 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र. 36 स्थित निर्मला स्कूल से विनोद सोनवानी घर तक नाली का निर्माण एवं इसी मद से 5 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र. 36 डिंगापुर जंगल खटाल में मंच निर्माण का कार्य कराया जाना हैं। इसी प्रकार जिला खनिज संस्थान मद से 35 लाख 80 हजार रूपये की लागत से वार्ड क्र. 35 अंतर्गत गोकुलनगर गोठान हेतु बाउण्ड्रीवाल शेड, अतिरिक्त कक्ष व शौचालय का निर्माण कार्य, इसी मद से 15 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र. 35 न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी खरमोरा गेट से मेन रोड तक सी.सी. रोड का निर्माण तथा मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद से 5 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र. 35 मेन रोड खरमोरा हनुमान मंदिर से कमल राठौर के घर तक सी.सी. रोड का निर्माण भी निगम द्वारा किया जाना हैं।



भूमिपूजन करते उद्योग मंत्री, साथ में महापौर, सभापति व अन्य।

### बिना भेदभाव के सभी 67 वार्डों में विकास कार्य

इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव तथा उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन व आशीर्वाद से निगम के सभी वार्डों में बिना किसी भेदभाव के व्यापक रूप से विकास कार्य कराये जा रहे हैं, उद्योग मंत्री श्री देवांगन द्वारा विकास कार्यों हेतु लगातार विभिन्न मदों से फंड की व्यवस्था की जा रही है। इस अवसर पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने कहा कि लखनलाल देवांगन जैसे ही कोरबा के विधायक व प्रदेश के मंत्री बने, वे ही कोरबा में विकास ने तेज गति पकड़ ली है तथा विकास की गंगा बह रही है, उन्होने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुये कहा कि आपका जो आशीर्वाद उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन व महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत को प्राप्त हुआ है, उसी आशीर्वाद का परिणाम है कि अब कोरबा में तेजी से विकास हो रहा है, सुविधाएं बढ़ रही हैं, जनसमस्याएं समाप्त हो रही हैं।

### पार्षद कक्ष का हुआ लोकार्पण



उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने साकेत भवन में नवस्थापित पार्षद कक्ष का लोकार्पण किया, अब निगम के पार्षदगणों को एक ओर जहां साकेत भवन में बैठने की सुविधायुक्त व्यवस्था सुनिश्चित हो गई है, वहीं दूसरी ओर पार्षदों को साकेत भवन में अपना कार्यालयीन कामकाज निपटाने में अब कोई परेशानी भी नहीं होगी। लोकार्पण के दौरान सभापति नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय तथा भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी के साथ निगम के पार्षदगण उपस्थित थे। नितनई उपलब्धियों को अर्जित करने व शहर एवं निगम की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने की दिशा में बढ़ रहे निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में उद्योग मंत्री श्री देवांगन के मार्गदर्शन तथा महापौर श्रीमती राजपूत व सभापति श्री ठाकुर के दिशा निर्देशन में पार्षदों के बैठने व कामकाज संपादन करने हेतु एक सुव्यवस्थित एवं बडे साईज के कक्ष की व्यवस्था आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के द्वारा कराई गई है, साकेत भवन के शासकीय हितग्राही पेंशन योजना विभाग के बगल में यह पार्षद कक्ष बनाया गया है तथा उसे व्यवस्थित स्वरूप दिया गया है।

# बिंझरा जनपद की सीट गोंगपा ने भाजपा से छीनी, कन्हैया लाल हुए विजयी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली तानाखार विधानसभा अंतर्गत उपरोड़ा जनपद के जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 18 (बिंझरा) में हुए उपचुनाव के नतीजे घोषित हो चुके हैं। इस बेहद दिलचस्प, संवेदनशील और कड़े मुकाबले में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) के प्रत्याशी कन्हैया लाल चौहान ने शानदार जीत हासिल की है। कन्हैया लाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 166 वोटों के अंतर से शिकस्त देकर जीत का परचम लहराया है। इस जीत के बाद से ही पूरे बिंझरा क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है और कार्यकर्ताओं द्वारा जमकर जश्न मनाया जा रहा है।

**खास बात**

- पूर्व जनपद सदस्य की हत्या के बाद खाली हुई थी यह सीट

गौरतलब है कि यह उपचुनाव पूर्व जनपद सदस्य स्वर्गीय अक्षय गर्ग की निर्मम हत्या के बाद खाली हुई सीट पर कराया गया था। इस चुनाव में सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि हत्या के मामले में शामिल आरोपी मुश्ताक मिर्जा ने भी जेल/न्यायिक प्रक्रिया के बीच चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमाई थी। हालांकि बिंझरा क्षेत्र की जागरूक जनता ने आरोपी को पूरी तरह से नकार दिया। कुल 8 प्रत्याशियों के बीच लड़े गए इस चुनाव में मुश्ताक मिर्जा शीर्ष तीन में भी जगह नहीं बना पाया और 379 वोट पाकर चौथे स्थान पर सिमट गया। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की इस बड़ी राजनैतिक जीत पर पाली तानाखार विधायक तुलेश्वर मरकाम ने नवनिर्वाचित जनपद सदस्य कन्हैया लाल चौहान को मोबाइल के माध्यम से फोन कर बधाई और शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही, गोंगपा के प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप मरकाम ने भी कन्हैया लाल को बधाई देते हुए इसे क्षेत्र की जनता की जीत बताया है। नतीजों की घोषणा होते ही गोंगपा समर्थकों और स्थानीय ग्रामीणों ने कन्हैया लाल चौहान को कंधों पर उठा लिया। क्षेत्र में ढोल-नगाड़ों के साथ विजयी जुलूस निकाला जा रहा है और आतिशबाजी की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जनता ने न्याय और विकास के पक्ष में अपना फैसला सुनाया है।

# ईरफ पंचायत के अविश्वास प्रस्ताव पर खड़े हुए बड़े सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत ईरफ में उपसरपंच को अविश्वास प्रस्ताव के जरिए पद से हटाए जाने का मामला अब विवादों के घेरे में आ गया है। सोमवार को आयोजित जनदर्शन में 200 से अधिक ग्रामीणों, पंचों और महिला जनप्रतिनिधियों के साथ पहुंचे पूर्व उपसरपंच ने पूरे घटनाक्रम को सुनियोजित साजिश बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। जनदर्शन में सौंपे गए आवेदन में पूर्व उपसरपंच ने आरोप लगाया कि उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर 5 मई को सुशासन तिहार के दौरान पंचायत में हो रही कथित वित्तीय अनियमितताओं, शासकीय राशि के दुरुपयोग और मनमानी कार्यप्रणाली की शिकायत की थी।

**खास बात**

- उप सरपंच ने जनपद अधिकारियों पर लगाए साजिश के आरोप



कलेक्टर को ज्ञापन देने पहुंचे ग्राम इरफ के ग्रामीण।

शिकायत में पंचायत के सरपंच और सचिव के खिलाफ जांच एवं कार्रवाई की मांग की गई थी। उनका आरोप है कि शिकायत पर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें ही निशाना बनाकर अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। पूर्व उपसरपंच का कहना है कि सरपंच, सचिव और जनपद स्तर के अधिकारियों की मिलीभगत से पंचों को गुमराह किया गया। आरोप है कि कई पंचों से कोरे कागजों पर हस्ताक्षर कराए गए और उन्हें वास्तविक स्थिति की जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने दावा किया कि पंचायत में हुए समझौते और अविश्वास प्रस्ताव वापस लेने संबंधी आवेदन को भी नजरअंदाज कर दिया गया। मामले को लेकर महिला पंचों ने भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उन्हें पंचायत बैठक का हवाला देकर वाहन में बैठाकर पाली ले जाया गया। आरोप है कि रातभर उन्हें विभिन्न स्थानों पर घुमाया गया और अगले दिन खाली कागजों पर हस्ताक्षर करा लिए गए। महिला पंचों का दावा है कि उन्हें यह तक नहीं बताया गया था कि उपसरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की कार्रवाई चल रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में हो रहे कथित भ्रष्टाचार और फर्जी आहरण को उजागर करने की वजह से उपसरपंच को पद से हटाया गया। उन्होंने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों का दायित्व विकास कार्यों को गति देना और अनियमितताओं पर कार्रवाई करना है, लेकिन यहां शिकायतकर्ताओं को ही परेशान किया जा रहा है। जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों ने पंचायत सचिव को तत्काल हटाने की मांग भी उठाई। उनका कहना है कि सचिव दो दशक से अधिक समय से एक ही पंचायत में पदस्थ हैं, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सचिव के स्थानांतरण और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। वहीं जनदर्शन में मौजूद अधिकारियों ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है।

# सुशासन तिहार में दिव्यांग छात्रा कमला को मिली मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बचपन से दोनों पैरों से दिव्यांग होने के बावजूद कमला कुमारी केंवट ने कभी अपनी पढ़ाई को बाधित नहीं होने दिया। चुनौतियों से भरे जीवन में उन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और शिक्षा के प्रति समर्पण के बल पर घर से कॉलेज तक का कठिन सफर तय करते हुए उच्च शिक्षा की राह चुनी। हालांकि, कॉलेज तक पहुंचना उनके लिए हर दिन एक बड़ी चुनौती था, क्योंकि वे अन्य छात्राओं की तरह पैदल या साइकिल से आवागमन नहीं कर सकती थीं।

कटघोरा विकासखंड के ग्राम सलोरा (क) निवासी कमला को पूर्व में समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्राइसाइकिल प्रदान की गई थी, लेकिन वह काफी पुरानी और खराब हो चुकी थी। इसके कारण उन्हें कॉलेज आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसी बीच जब उन्हें सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर की जानकारी मिली, तो उन्होंने ग्राम धनरास में आयोजित शिविर में मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल की मांग करते हुए आवेदन प्रस्तुत किया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन से कमला ने अपनी समस्या साझा की। मंत्री श्री देवांगन ने तत्काल समाज कल्याण विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग द्वारा आवेदन का परीक्षण कर पात्रता सुनिश्चित की गई और कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कमला को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की। इस अवसर पर कलेक्टर ने कमला से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। कमला ने बताया कि वे वर्तमान में एम.ए. की पढ़ाई कर रही हैं। कलेक्टर श्री दुदावत ने कमला की लगन और संघर्षशीलता की सराहना करते हुए कहा, बिटिया, अच्छे से पढ़ना और आगे बढ़ना। आपकी मेहनत और आत्मविश्वास अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि शारीरिक चुनौतियां किसी व्यक्ति की उड़ान को सीमित नहीं कर सकतीं, यदि उसके भीतर आगे बढ़ने का संकल्प मजबूत हो। कमला की माता श्रीमती संतकुंवर ने भावुक होकर बताया कि उनके पति मजदूरी करते हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वे स्वयं मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल खरीद सकें। शासन द्वारा निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल मिलने से उनकी बेटी की शिक्षा का रास्ता और आसान हो गया है। अब उसे कॉलेज आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। कमला ने भी अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल मिलने से अब वह न केवल नियमित रूप से कॉलेज जा सकेगी, बल्कि अपने अन्य जरूरी कार्य भी आसानी से कर पाएगी। यह सुविधा उसके आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के अधिकारी श्री हरीश सक्सेना सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



ट्राइसायकिल प्रदान करते कलेक्टर।

# मुख्यमंत्री के सुशासन में किसानों को समय पर मिल रही कृषि आदान सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में किसानों को आगामी खरीफ सीजन के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं। जिले की सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों के लिए खाद एवं बीज का पर्याप्त भंडारण किया गया है, जिससे कृषकों को समय पर आवश्यक कृषि आदान सामग्री उपलब्ध हो रही है। किसान अपनी आवश्यकता के अनुसार खाद एवं बीज प्राप्त कर रहे हैं तथा उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ रहा है। इसी कड़ी में जिले के ग्राम ढेलवाडीह निवासी कृषक छेदीलाल उरांव ने विकासखंड सोनपुरी स्थित सहकारी समिति से आगामी खरीफ फसल की तैयारी हेतु खाद एवं बीज प्राप्त किया। लगभग 5 एकड़ कृषि भूमि में खेती करने वाले श्री उरांव का परिवार पूरी तरह कृषि पर आधारित है। 6 से 7 सदस्यों वाले उनके परिवार की आजीविका का प्रमुख साधन खेती है तथा वे मुख्य रूप से धान की खेती करते हैं।

## बिसनेस साइट

### कृष्णा ग्रुप के इलेक्ट्रिक कार के पहले शोरूम का हुआ उद्घाटन



**कोरबा।** संपूर्ण छत्तीसगढ़ में वियतनाम की प्रसिद्ध एवं नवीनतम इलेक्ट्रिक ई.वी. कार विनफास्ट की डीलरशिप कृष्णा ग्रुप कोरबा को प्राप्त हुई है। इस अवसर पर रायपुर में स्थापित नए अत्याधुनिक शोरूम का उद्घाटन छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बस्तर राजघराने के महाराजा कमलभंज देव की विशेष रुप से उपस्थित थे। ज्ञात हो कि कृष्णा ग्रुप ऑटोमोबाइल क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित एवं बहुचर्चित नाम है। समूह के छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा राज्यों में हुंडई, होंडा, टाटा, किया, बुल, महिंद्रा एंड महिंद्रा तथा अन्य प्रतिष्ठित चारपहिया वाहन कंपनियों के साथ-साथ होंडा एवं बजाज जैसी दोपहिया वाहन कंपनियों की डीलरशिप संचालित हैं। वर्तमान में कृष्णा ग्रुप के 50 से अधिक आउटलेट संचालित हो रहे हैं, जो उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। कृष्णा ग्रुप को संपूर्ण छत्तीसगढ़ में विनफास्ट ई.वी. कार की अधिकृत डीलरशिप प्राप्त हुई है। इसी कड़ी में पहला अत्याधुनिक शोरूम रायपुर में 27 मई को प्रारंभ किया गया, जिसका विधिवत उद्घाटन डॉ. रमन सिंह द्वारा किया गया। कृष्णा ग्रुप के डायरेक्टर राजा मोदी ने उपस्थित अतिथियों को विनफास्ट ई.वी. कार के आधुनिक फीचर्स, उसकी उपयोगिता तथा उपलब्ध विभिन्न मॉडलों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग तेजी से बढ़ रही है तथा आने वाले समय में पेट्रोल एवं डीजल से चलने वाले वाहनों का स्थान ई.वी. कारें ले लेंगी। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन न केवल ईंधन की बचत करेंगे, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। राजा मोदी ने केंद्र एवं राज्य सरकार से आग्रह किया कि इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने हेतु आर.टी.ओ. शुल्क में विशेष सब्सिडी प्रदान की जानी चाहिए, जिससे आम नागरिक अधिक से अधिक संख्या में ई.वी. वाहनों को अपनाने के लिए प्रेरित हों। कृष्णा ग्रुप के चेयरमैन अशोक मोदी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार पेट्रोल एवं डीजल की खपत कम करने तथा स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने का संदेश दे रहे हैं। ऐसे में ई.वी. कारें एवं इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन भविष्य की आवश्यकता हैं। इनके उपयोग से न केवल ईंधन की बचत होगी, बल्कि ध्वनि एवं वायु प्रदूषण में भी उल्लेखनीय कमी आएगी।

## कोरबा मार्केट

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ) केवल महिला अभ्यर्थी आवेदन कर सकती हैं।
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
9993000683
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

ADMISSIONS OPEN 2026-27
Play Group to KG-2
CAREER PUBLIC SCHOOL
37 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE
PURPLE TURTLE Pre-School
ACTIVITY CENTRE
PLAY GROUP | NURSERY | KG-1 | KG-2
For Admission Contact - 9522384848
BUS FACILITY AVAILABLE
TALKING PEN TEACHING TECHNOLOGY
Behind Ambedkar Bhawan, Near Helipad, Korba (C.G.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त




# कोरबा बना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का उभरता केंद्र

**शिक्षा के क्षेत्र में कोरबा जिले ने पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है। आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, अनुभवी शिक्षकों और उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणामों के कारण कोरबा आज प्रदेश के प्रमुख शैक्षणिक केंद्रों में अपनी पहचान बना रहा है। जिले के कई विद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक एवं व्यक्तित्व विकास के अवसर भी प्रदान कर रहे हैं। शहर के प्रमुख विद्यालयों में एनकेएम लॉयन पब्लिक स्कूल, कैरियर पब्लिक स्कूल, आर्यन पब्लिक स्कूल, विनायक पब्लिक स्कूल, कल्चुरी पब्लिक स्कूल तथा श्री हरकिशन पब्लिक स्कूल शामिल हैं।**

आधुनिक सुविधाओं और समग्र शिक्षा के लिए जाने जाते हैं। इन संस्थानों में स्मार्ट क्लास, विज्ञान प्रयोगशालाएं, खेल सुविधाएं और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। शिक्षाविदों का मानना है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही किसी क्षेत्र के विकास का आधार होती है। कोरबा के विद्यालय विद्यार्थियों को केवल परीक्षा परिणामों तक सीमित न रखकर उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए भी तैयार कर रहे हैं। यही कारण है कि जिले के विद्यार्थी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।





















## खबर संक्षेप



### कॉफी हाउस चौक के समीप लग रहे जाम से लोग परेशान

**कोरबा।** शहर के हृदय स्थल टीपी नगर चौक पर ट्रैफिक सिग्नल से बचने के लिए वाहन चालकों द्वारा इन दिनों आवागमन के लिए टीपी नगर प्रेस काम्प्लेक्स रोड का इस्तेमाल करने में ज्यादा रूचि दिखा रहे हैं। फलस्वरूप कॉफी हाउस के पास हर रोज जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। जिससे आसपास के व्यवसायी एवं लोग काफी परेशान हैं। अक्सर यह नजारा शाम के वक्त कुछ ज्यादा ही देखने को मिलता है, जहां चौक पर जाम की वजह से चारों ओर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है और जाम में फंसे लोग आवागमन को सामान्य बनाने की कवायद में जुटे नजर आते हैं। काफी मशक्कत के बाद स्थिति सामान्य होता है और कई बार झड़प की स्थिति भी निर्मित हो जाती है। लोगों ने मांग की है कि यहां पर टीपी नगर चौक के अलावा एक अन्य यातायात जवान की ड्यूटी लगाई जाए जो ट्रैफिक को कंट्रोल करे और यहां पर हो रही जाम की समस्या से लोगों को निजात दिलाए।

### जिले में डिजिटल जनगणना का कार्य शत-प्रतिशत संपन्न

**कोरबा।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी कुणाल दुदावत के कुशल निर्देशन में कोरबा जिले के सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों द्वारा जिले के समस्त चार्जों में जनगणना का कार्य पूरी सफलता के साथ पूर्ण कर लिया गया है। जिले के सभी 6 नगरीय निकायों, नगर पालिक निगम कोरबा के 7 जोनों, नगर पालिका परिषद दीपका, कटघोरा एवं बांकीमोंगरा तथा नगर पंचायत पाली एवं छुरीकला सहित सभी 12 तहसीलों (कोरबा, भैसमा, बरपाली, करतला, कटघोरा, दर्री, पोड़ी-उपरोड़ा, पसान, पाली, हरदीबाजार, दीपका एवं अजगरबहार) में प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (एच.एल.बी.) की पहचान करते हुए शत-प्रतिशत डेटा संग्रहण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिले में फील्ड स्तर पर रिजर्व सहित कुल 2215 प्रगणक एवं 376 सुपरवाइजर, अर्थात कुल 2591 जनगणना कार्मिकों की सक्रिय सहभागिता एवं सतत परिश्रम से यह महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इन कार्मिकों ने प्रत्येक ग्राम, वार्ड एवं मोहल्ले में घर-घर जाकर डिजिटल माध्यम से जानकारी संकलित की, जिसके परिणामस्वरूप हाउस लिस्टिंग एवं आवास गणना (एच.एल.बी.) का कार्य निर्धारित समयावधि में शत-प्रतिशत पूर्ण किया जा सका। फील्ड अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम ने भीषण गर्मी और भौगोलिक चुनौतियों का सामना करते हुए जिले के कोने-कोने तक पहुंचकर इस अभियान को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया।

### ग्राम पंचायत सोनपुरी बैठक में सरपंच संघ का किया गया विस्तार

**कोरबा।** ग्राम पंचायत सोनपुरी में सरपंच संघ की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जनपद सरपंच संघ अध्यक्ष एवं वर्तमान सरपंच विजय मंझवार ने की। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर पंचायतों में संचालित विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा ग्रामीण समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में पंचायत स्तर पर विकास कार्यों को गति देने, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया गया। उपस्थित सरपंचों ने अपने-अपने क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं एवं विकास संबंधी आवश्यकताओं को भी बैठक के समक्ष रखा।सरपंच संघ को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से संगठन का विस्तार करते हुए नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। सर्वसम्मति से कलेश राम कंवर एवं महेंद्र कुमार राठिया को उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं अनिता मंझवार और गोपी राठिया को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक को संबोधित करते हुए सरपंच संघ अध्यक्ष विजय मंझवार ने कहा कि पंचायतों के समग्र विकास, जनहित के मुद्दों के समाधान और ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सरपंच संघ की सक्रिय भूमिका आवश्यक है।

### टीएमसी कंपनी के अधिकारी के खिलाफ पुलिस से की शिकायत

**बांकीमोंगरा।** बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत ग्रामीणों ने बांकीमोंगरा थाना पहुंचकर लिखित में शिकायत की है कि 27 मई की दोपहर टीएमसी कंपनी जो सिंघाली खदान में आउट सोर्सिंग कोयला उत्खनन और पेस्ट फिलिंग के लिए आयी थी। उसके अधिकारी केके सिंह और उसके कर्मचारियों द्वारा लालपुर और भेजीनारा को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग को बंदकर रहे थे। समस्त ग्रामवासी एवं बच्चे उसी रास्ते से आंगनबाड़ी और स्कूल जाते हैं तथा उक्त रास्ता दोनों गावों को जोड़ने का मुख्य रास्ता है। उक्त रास्ते को केके सिंह द्वारा बंद करने का प्रयास किया जा रहा था तब ग्रामीणों ने उसका विरोध किया गया जिसके बाद अधिकारी द्वारा बोला गया कि ये जमीन हमारी है हमें अपना कार्य करने दो। टीएमसी के जिम्मेदार अधिकारी के द्वारा आदिवासी महिलाओं को सामुहिक रूप से अपमानित करने की कोशिश की है। ग्रामीणों ने इसकी लिखित में शिकायत पुलिस से की है।

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर निकाली गई साइकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एचटीपीएस कोरबा पश्चिम में विश्व पर्यावरण सप्ताह मनाया जा रहा है। 5 जून- विश्व पर्यावरण दिवस के लिए इस सप्ताह विभिन्न कार्यकम आयोजित किया गया है। रविवार की सुबह मुख्य अभियंता एचके. सिंह की अगुवाई में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए साइकिल रैली निकाली गई। रविंद्र सांस्कृतिक भवन परिसर में कार्यक्रम की शुरूआत पर्यावरण संरक्षण का संदेश के साथ की गई। इस अवसर पर मुख्य अभियंता एचके सिंह द्वारा उपस्थित जनसमूह को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में संकल्प महिला मंडल, कोरबा पश्चिम की अध्यक्ष श्रीमती रूक्मणी सिंह द्वारा साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पर्यावरण संरक्षण के संदेश को लेकर निकाली गई यह रैली सीनियर क्लब से निकलकर कॉलोनी परिसर का भ्रमण करते हुए सीनियर क्लब लौट गई। रैली में बड़ी संख्या में संयंत्र के अधिकारी-कर्मचारी एवं उनके परिजनों ने हिस्सा लिया। रैली के प्रति बच्चों में खासा उत्साह रहा। इसके बाद सुबह 11 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक सीनियर क्लब में बच्चों के बीच विभिन्न कक्षा वर्ग में चित्रकला स्पर्धा आयोजित की गई। इसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए विविध रंगों से तूलिका चलाई। सहायक प्रबंधक (पर्यावरण) विकास उइके ने बताया कि इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्रकृति से प्रेरित होकर जलवायु और भविष्य का संरक्षण करें है। नारा प्रतियोगिता के लिए प्रवृष्टियां तीन जून को दोपहर 2 बजे तक विद्युत संयंत्र मे विभिन्न हिस्सों में लगाए गए बॉक्स में जमा किया जा सकेगा। 5 जून को सुबह 9.30 बजे से आवासीय परिसर में पौधरोपण का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके गुप्ता, एसके नायर और परियोजना प्रबंधक एसके. पंड्या एवं संकल्प महिला मंडल की सदस्याओं ने हिस्सा लिया।

**रविन्द्र सांस्कृतिक भवन में बच्चों के बीच चित्रकला स्पर्धा**

**खास बात**

- 5 जून पर्यावरण दिवस से चलाया जाएगा जागरुकता कार्यक्रम



## जंगलों से ग्रामीण बीज का कर रहे हैं संग्रहण, आने वाले वर्षों में जंगल होगा तैयार

# पाली की हाईटेक नर्सरी में तैयार हो रहे विभिन्न प्रजातियों के पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

वन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कटघोरा वन मंडल इन दिनों एक नई मिसाल पेश कर रहा है। पाली स्थित हाईटेक नर्सरी में इन दिनों बड़े पैमाने पर विभिन्न प्रजातियों के नए-नए पौधे तैयार किए जा रहे हैं। खास बात यह है कि इस पूरी मुहिम में स्थानीय ग्रामीणों की भागीदारी अग्रिम पंक्ति में है, जिससे न केवल पर्यावरण संवर्धन हो रहा है बल्कि ग्रामीणों को रोजगार के नए अवसर भी मिल रहे हैं।

कटघोरा वन मंडल अधिकारी कुमार निशांत की पहल पर इस योजना को धरातल पर उतारा गया है। उनकी सोच है कि वनों के पुनर्जीवन और स्थानीय जैव विविधता को बचाए रखने के लिए स्थानीय स्तर पर ही मजबूत प्रयास किए जाएं। इसी सोच के तहत पाली की हाईटेक नर्सरी को नया जीवन दिया गया है, जहाँ वैज्ञानिक और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से पौधों को अंकुरित और पल्लवित किया जा रहा है। कटघोरा वन मंडलाधिकारी कुमार निशांत ने बताया कि जंगलों में अलग अलग प्रजाति नीम, जामुन, खैर, गंगा इमली, महुआ, अंजन, करंज सहित विभिन्न प्रकार के फल के बीज गिर रहे हैं। जिसे बड़ी मात्रा में ग्रामीण एकत्रित कर रहे हैं और वन विभाग उसकी खरीदी कर उन बीजों को अपने पाली स्थित हाईटेक नर्सरी लेकर आ रहे हैं और उन बीजों को पौध तैयार करने के लिए तैयार किया जा रहा है। आने वाले वर्षों में यह पौधे तैयार हो जाएंगे जिसके बाद वन विभाग अपने वन मंडल के विभिन्न परिक्षेत्र जटगा, पसान, चैतमा, पाली, केंदई, कटघोरा में रोपण करेगा।



**विभिन्न प्रजाति के पौधे हो रहे हैं तैयार**

कटघोरा वन मंडल के विभिन्न रेंज से ग्रामीणों द्वारा जंगलों से विभिन्न प्रजातियों के बीजों का संग्रहण किया जा रहा है। इन बीजों को पाली स्थित हाईटेक नर्सरी में लाकर उच्च कोटी के पौधे तैयार किए जा रहे हैं जिसमें मुख्य रुप से जामुन, आम, गंगा इमली, महुआ, करंज, खैर सहित अन्य प्रजाति के बीज शामिल हैं।
-**कुमार निशांत,** वन मंडलाधिकारी कटघोरा

**ग्रामीण जंगलों से ला रहे हैं बीज**

कटघोरा वन मंडलाधिकारी कुमार निशांत ने बताया कि हाईटेक नर्सरी में नरेगा, कैंपा मद सहित अन्य मदों के लिए नर्सरी में पौधे तैयार किए जा रहे हैं। इस मुहिम की सबसे खूबसूरत कड़ी स्थानीय ग्रामीण हैं। वनों के भीतर छिपे प्राकृतिक और औषधीय बीजों की पहचान करने में ग्रामीण माहिर होते हैं। ग्रामीण स्वेच्छा और उत्साह के साथ घने जंगलों से उच्च गुणवत्ता वाले पारंपरिक और स्थानीय प्रजातियों के बीजों का संग्रहण कर रहे हैं। संग्रहित बीजों को ग्रामीण वन विभाग को उपलब्ध कराते हैं, जिसके बदले उन्हें उचित पारिश्रमिक भी मिल रहा है। इन बीजों को पाली स्थित हाईटेक नर्सरी लाकर वन विभाग के विशेषज्ञों की देखरेख में अंकुरित किया जा रहा है और मजबूत पौधे तैयार किए जा रहे हैं।

# तहसीलदार से मारपीट, शासकीय कर्मचारी की गरिमा पर प्रहार



एडीएम को ज्ञापन सौपते राजस्व पटवारी संघ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विधायक और उसके समर्थकों के द्वारा तहसीलदार से की गई मारपीट की घटना को शासकीय कर्मचारी की गरिमा पर प्रहार है। दोषियों एवं संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए एडीएम को ज्ञापन सौंपा है। संघ के सदस्यों ने कहा कि एसडीएम के समक्ष मारपीट होना कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाला कृत्य है।

संघ के अध्यक्ष मिथिलेश वर्मा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में राजस्व पटवारी संघ ने कहा कि बीते 27 मई को नायब तहसीलदार तुषार मलिक के साथ विधायक रामकुमार टोप्पो एवं उनके समर्थकों के द्वारा अपमानजनक अभद्र व्यवहार किया गया। साथ ही एसडीएम के समक्ष ही मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। जो अत्यंत निंदनीय है। किसी निर्वाचित जनप्रतिनिधि के द्वारा शासकीय सेवक के साथ इस तरह का व्यवहार शर्मनाक है। संघ की इस घटना की निंदा करता है एवं संघ का मानना है कि यह न केवल शासकीय कर्मचारी की गरिमा पर प्रहार है अपितु प्रशासन व्यवस्था और कानून को खुली चुनौती देना जैसा कृत्य है। इसलिए शासकीय कर्मचारियों में भय का माहौल व्याप्त हो गया है। इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ गिरफ्तारी की जाए। कार्यवाही न होने की स्थिति में बिना किसी पूर्व सूचना के आंदोलन करने बाध्य होंगे।

# लोतलोता राखड़ बांध की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य रोकने ग्रामीण पहुंचे कलेक्ट्रेट



कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीएसईबी पश्चिम के ग्राम लोतलोता में बनाए गए राखड़ बांध को पुनः चालू करने के कार्य पर रोक लगाने की मांग को लेकर क्षेत्र के ग्रामीण बड़ी संख्या में सोमवार को जनदर्शन में पहुंचकर कलेक्टर को बांध के तटबंध टूटने से सामने आई समस्या से अवगत कराते हुए कार्य पर रोक लगाने की मांग की है।

ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया कि ग्राम पंचायत लोतलोता में 1985-86 में जमीनों का अधिग्रहण कर राखड़ डेम बनाया गया था। वर्ष 2023 में बांध के पूरा भर जाने के बाद पर्यावरण विभाग के द्वारा बांध को उपर उठाने की अनुमति नहीं दी गई थी। जिसके कारण बांध को बंद कर दिया गया था। कुछ हिस्से में पौधे लगाकर मिट्टी भर दी गई थी और पाइप लाइन को अलग कर दिया गया था। कुछ माह पूर्व बांध के नीचे बोल्डर पिचिंग धसकने के कारण बांध का तटबंध टूट गया। जिससे राखड़ आसपास के खेतों में समाया। वर्तमान में सीएसईबी प्रबंधन द्वारा नई पाइप लाइन बिछाने का काम चालू करने के लिए बांध में पानी निकासी के लिए नाली को खोला जा रहा है। बांध जर्जर हो चुका है। 3 साल से रखरखाव नहीं होने के कारण बांध 3 बार टूट चुका है। बांध के टूटने से पुरैनाखार प्राथमिक स्कूल में पानी पहुंच चुका था। हालही में ग्राम झाबू के राखड़बांध के टूटने से एक व्यक्ति की मौत भी हो गई थी। ग्रामीणों ने लोतलोता राखड़ बांध को फिर से शुरू कराने का विरोध किया है।

**खास बातें**

- बांध टूटने से प्रभावित हुई थी ग्रामीणों की फसल
- खेतों में जमा हो गया था राखड़युक्त पानी

# परिवहन कार्यालय के सामने अवैध अतिक्रमण हटाने आयुक्त को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला परिवहन कार्यालय के आसपास बढ़ते अवैध अतिक्रमण और उससे उत्पन्न हो रही समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) अतुल असैय्या ने निगम आयुक्त को पत्र लिखकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। पत्र में कार्यालय परिसर के सामने स्थित भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने का अनुरोध किया गया है।

जानकारी के अनुसार जिला परिवहन कार्यालय के सामने ग्राम रामपुर स्थित खसरा नंबर 203/1 की भूमि का एक हिस्सा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, संभाग कोरबा को संभागीय कार्यालय भवन निर्माण के लिए आबंटित किया गया है। उक्त भूमि पर वर्तमान में कई ठेला, गुमटी और अस्थायी दुकानें संचालित हो रही हैं, जिन्हें अवैध अतिक्रमण बताया गया है। आरटीओ ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि इन ठेला-गुमटियों में कुछ लोगों द्वारा ऑनलाइन आवेदन केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। ये लोग ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीयन एवं अन्य परिवहन संबंधी कार्यों के लिए कार्यालय आने वाले आवेदकों से संपर्क कर शासन द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक राशि की मांग करते हैं। इससे आम नागरिकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और विभाग की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है। पत्र में यह भी कहा गया है कि इस प्रकार की गतिविधियों की शिकायतें सोशल मीडिया के माध्यम से भी सामने आ रही हैं, जिससे शासन और परिवहन विभाग की छवि प्रभावित हो रही है। आरटीओ ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यालय परिसर के आसपास ऐसे अवैध अतिक्रमण और अनधिकृत गतिविधियों पर रोक लगाना आवश्यक है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने नगर निगम आयुक्त से अनुरोध किया है कि जिला परिवहन कार्यालय के आसपास स्थित सभी अवैध ठेला-गुमटियों एवं अतिक्रमण को हटाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि आम नागरिकों को पारदर्शी एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध हो सकें तथा शासन की छवि भी बनी रहे।



अतुल असैय्या

### प्रभा सरपंच निर्वाचित

**कोरबा।** बरपाली जनपद पंचायत करतला के ग्राम पंचायत सलिहाभांठा में सरपंच पद का उप चुनाव किया गया जहां प्रभा राम प्रसाद कंवर विजयी हुई। ग्राम पंचायत सलिहाभाठा में रिक्त सरपंच पद का चुनाव किया गया। जहां दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। प्रभा राम प्रसाद कंवर एवं विजय कंवर के बीच मुकाबला सीधा था ग्राम पंचायत सलिहाभाठा के अन्तर्गत सलिहाभाठा एवं बंधवाभाठा ग्राम आता है। इस चुनाव में प्रभा राम प्रसाद कंवर को 868 एवं विजय कंवर को 366 वोट प्राप्त हुए। प्रभा राम प्रसाद कंवर लगातार दूसरी बार सरपंच बनी है।



प्रभा कंवर

### 35 पाव देशी शराब के साथ एक आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस ने दबिश देकर एक युवक के कब्जे से 35 पाव देशी शराब को जब्त किया है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली के अनुसार ग्राम मिसदा निवासी भरत लाल जाहिरे उम्र 40 वर्ष द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री की जाती है। जिस पर पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना शिवरीनारायण पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया।

# कागजों से भरा ट्रक बीच सड़क पर पलटा, बाल बाल बचा चालक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वमंगला कनवेरी मार्ग पर सोमवार की तड़के सुबह लगभग 3 बजे कोरबा से बिलासपुर की ओर जारी ही कागजों से भरी मिनी ट्रक बीच सड़क पर पलट गई। हादसे में चालक को मामूली चोटे आई हैं बताया जा रहा है कि सोनपुरी पुल के पास बने आधे अधूरे ब्रेकर की वजह से या हादसा हुआ है। बताया जाता है कि चालक काफी तेज रफ्तार से वाहन का चला रहा था इस दौरान चालक की नजर ब्रेकर पर नहीं पड़ी और ब्रेकर में उसकी वाहन अनियंत्रित हो गई और पलट गई। हादसे का सुखद पहलू यह रहा कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई वहीं चालक को मामूली चोट आई है।

## जनदर्शन में सामने आए पीएम आवास मांगने जैसे आवेदन

# कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



समस्या सुनते कलेक्टर।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के शहरी एवं दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे आमजनों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याओं के निराकरण हेतु जिला प्रशासन के समक्ष आवेदन दिए।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जनदर्शन में उपस्थित प्रत्येक आवेदक की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनदर्शन के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अनेक आवेदन प्राप्त हुए। इनमें तालाब गहरीकरण, भूमि एवं राजस्व संबंधी विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृति, पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना से लाभ दिलाने, राशन कार्ड, पट्टा प्रदान करने, सीमांकन, भूमि डायवर्जन, खाता विभाजन, विद्युत व्यवस्था में सुधार, महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधित मामलों सहित कुल 140 अन्य जनसमस्याओं के आवेदन शामिल रहे। कलेक्टर श्री दुदावत ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को प्रेषित करते हुए आवश्यक जांच एवं कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से उपलब्ध कराया जाए तथा प्रत्येक आवेदन का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर यथाशीघ्र राहत प्रदान की जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की अनावश्यक विलंब न हो और आवेदकों को समयबद्ध समाधान उपलब्ध कराया जाए। जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार पटेल एवं ओंकार यादव, डिप्टी कलेक्टर टी.आर. भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780